संक्षिप्त

संगोष्ठी सफलतापूर्वक संपन्न

कोटा, (निसं)। लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज कोटा द्वारा सतत पुनर्वास शिक्षा पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें देश के विभिन्न राज्यों विद्यार्थियों ने भाग लिया. संस्था के चेयरमैन कुलदीप माथुर माथुर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ कोटा विश्वविद्यालय के कुलपति कैलाश सोडानी, समाज कल्याण विभाग की डिप्टी डायरेक्टर सविता कृष्णिया, प्रो.अखिलेश कुमार, इग्नू नई दिल्ली-एनसीडीएस के डायरेक्टर डॉ.संजयकांत प्रसाद व आये हुए अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन कुलदीप माथुर, सी.ई.ओ.ओ.पी.माथुर व डायरेक्टर सुदर्शन माथुर ने उपस्थित आये हुए सभी शिक्षाविदों व विद्वानों को स्मृति चिन्ह व साफे के साथ सम्मानित कर स्वागत अभिनंदन किया। चौयरमैन कुलदीप माथुरने स्वागत भाषण में कहा कि कोटा विश्वविद्यालय के कुलपति कैलाश सोडानी का साथ हमारे लिए हर्ष का विषय है।

छात्रा ने किया आत्मदाह का प्रयास

कोटा, (निसं)। जिले के इटावा थाना इलाके में 11वीं कक्षा की छात्रा द्वारा घर में केरोसिन डालकर आत्महत्या के प्रयास का मामला सामने आया है। इस मामले में छात्रा को गंभीर अवस्था में इटावा चिकित्सालय से रैफर कर कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मामले में छात्रा के परिजनों ने एक अन्य छात्र पर परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दिया है। जिस छात्र पर आरोप लगा है वह भी नाबालिग है और छात्रा के साथ ही क्लास में पढ़ता है। इस संबंध में बयान भी लिए जा रहे हैं। इटावा थाना अधिकारी संदीप बिश्नोई ने बताया कि यह घटनाक्रम शनिवार 8 फरवरी का है। इसमें पीड़ित छात्रा के परिजनों ने शिकायत दी है। जिसमें बताया है कि बालिका अपने घर पर ही थी और उसने वही आत्महत्या का प्रयास किया। इसकी सूचना पर परिजन खेत से वापस घर पहुंचे। घटना के बाद छात्रा को इटावा अस्पताल ले जाया गया। जहां से कोटा रैफर कर दिया। छात्रा का उपचार एमबीएस हॉस्पिटल में चल रहा है। इस मामले में बालिका के साथ क्लास में पढ़ने वाले लड़के पर आरोप लगा है। जिसमें बताया है कि वह बालिका को शादी करने के लिए तंग कर रहा था। इसी से परेशान होकर बालिका ने ऐसा कदम उठाया। परिजनों की इस रिपोर्ट पर अनुसंधान किया जा रहा है।

सौंपा ज्ञापन

कोटा, (निसं)। राजस्थान मे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र पाठक के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र पाठक ने बताया कि सम्पूर्ण राजस्थान में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, 65 वर्ष पूर्ण करने वाले अधिवक्ता हेतु पेंशन देने व सम्पूर्ण भारत के अधिवक्तागण हेतु मेडिक्लेम पॉलिसी व बीमा पॉलिसी लागू करने ओर 5 वर्ष तक युवा अधिवक्ताओं को आर्थिक संकट में सहयोग करते हुए मानदेय हेतु ज्ञापन पत्र अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा है। ज्ञापन देने वालों में कोटा संभाग प्रभारी मनीष गुर्जर, जिला अध्यक्ष महावीर शर्मा जिला महासचिव महावीर बैरवा, महिला अध्यक्ष शक्ति शर्मा, ज्योति गौड़ मंच के युवा प्रभारी मनीष शर्मा व जिला युवा अध्यक्ष पंकज मिश्रा और युवा महासचिव मयंक खंडेलवाल सहित कमलेश यादव, गजेंद्र शर्मा, अविनाश पुरी, सौरभ गोस्वामी आदि अधिवक्तागण मौजूद थे।

शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

कोटा, (निसं)। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल का शपथ-ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अनुसूइया गोस्वामी, अध्यक्षता विमल जैन नान्ता ने की। कार्यक्रम संयोजक जयदीप अनोपडा, महेन्द्र गोधा, उमेश.पीयूष, शैलेन्द्र रहे। कार्यकारिणी के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। जिसमें वर्ष 2025 के लिए अध्यक्ष सुरेश बज, सचिव जयकुमार जैन कोषाध्यक्ष रविंद्र रावंका-संगीता रावंका को चुना गया। सोशल ग्रुप रॉयल के रीजनल अध्यक्ष अनुराग सेठी ने इन्हें पद की शपथ दिलाई यह ग्रुप समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न कार्य करता है इसकी एक शाखा रॉयल ग्रुप मदद निशुल्क चिकित्सकीय उपकरण जरूरतमंदों को वितरित करती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमिता बज, बबिता जैन व संगीता रावंका समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

कोटा साहित्य की उर्वरा भूमि है : प्रो.डॉ.कैलाश सोडानी

कोटा, (निसं)। सृजन साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति हाडौती संभाग कोटा एवं श्रीराम सुरज दाधीच फाउंडेशन कोटा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सम्मान समारोह एम.डी. मिशन कैम्पस, केशवपुरा, कोटा में सम्पन्न हुआ। सृजन साहित्य एवं सांस्कृति समिति हाड़ौती संभाग कोटा के अध्यक्ष राजेन्द्र पंवार एवं कार्यक्रम संयोजक राज दाधीच ने बताया कि स्व.पंडित

■ साहित्य जीवन में संजीवनी का काम करता है : राज दाधीच

रामनारायण दाधीच स्मृति सम्मान 2025 कांकरोली के अन्तर्राष्ट्रीय हास्य कवि सुनिल व्यास को प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वरूप 21000/-नगद राशि, श्रीफल, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं सृजन साहित्य सम्मान 2025 कोटा के युवा कवि प्रशांत टहलियानी को प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश सोडानी रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज और साहित्य का सम्बन्ध आत्मा और शरीर के जैसा होता है। साहित्य से समाज का उन्नयन होता है। साहित्य की भूमिका पिछड़ों और वंचितों को आगे लाने में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। साहित्य समाज के मूल्यों का निर्धारण और पोषण करता है। कोटा साहित्य की उर्वरा भूमि रही है। यहां के साहित्यकारों ने अपनी पहचान पूरे देश में बनाई है। वे सभी मिलकर माँ शारदा की उपासना कर रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम.डी. मिशन कॉलेज के निदेशक एवं कार्यक्रम संयोजक राज दाधीच ने की। राज दाधीच ने अपने उद्बोधन में कहा की हमारे बाउजी पं. रामनारायण दाधीच का आर्शीवाद हम पर हमेशा है। युवाओं को परिवार और समाज के बुजुर्गों और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना चाहिऐं। उनका आर्शीवाद हमें फलीभूत करता है। उन्होंने कहा कि साहित्यकार समाज की दिशा बदल देता है। जिस दिशा में साहित्यकार लिखता हैं।

कोटा में कवि और साहित्यकारों को सम्मानित किया है।

कोटा मंडल को 131.39 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति

कोटा, (निसं)। मण्डल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के कुशल मार्गदर्शन, वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 के जनवरी माह में मण्डल को कुल रुपये 131.39 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। इस वित्तीय वर्ष के जनवरी में 23.30 लाख यात्रियों ने मंडल के विभिन्न स्टेशनों से यात्रा किया जिसमे अनारक्षित कोच से यात्रा करने वालों की संख्या 16.95 लाख एवं आरक्षित कोच से यात्रा करने वालों की संख्या 6.35 लाख है। इससे रेलवे को 48.15 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त अन्य कोचिंग से रुपये 2.83 करोड़, माल परिवहन से रुपये 78.42 करोड़, विविध आय से रुपये 2.00 करोड़ का राजस्व अर्जित हुआ। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने कहा कि हम टीम भावना से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

विदाई समारोह का आयोजन

कोटा, (निसं)। स्कूल के दिन यानि मस्ती, बचपन, पढ़ना, सीखना कभी नहीं भुलाया जा सकता। श्रीनाथपुरम स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए शुभकामनाओं के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा नागरिक सहकारी बैंक एवं श्री माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष राजेशकृष्ण बिरला के द्वारा दीप-प्रज्वलन एवं विद्या की देवी माँ सरस्वती के पूजन से कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आर्या जैन की वेलकम स्पीच के तत्पश्चात कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों की सुंदर नृत्य प्रस्तुति द्वारा किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के आपसी समन्वय से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। नृत्य एवं संगीत के रंगारंग कार्यक्रम में 11वीं के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर 12वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में व्यतीत किये अनेक वर्षो का अनुभव एवं शिक्षकों की प्रेरणा, सुझाव, मार्गदर्शन एवं सहयोग साझा किया।

जमीन से हटाया अतिक्रमण

कोटा, (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) की टीम ने नांता थाना क्षेत्र से बेशकीमती सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया है। यहां लोगों ने प्लॉट काटकर बाउंड्रीवॉल कर रखी थी। जिसे केडीए के दस्ते ने जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया। केडीए की कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के लिहाज से नांता थाना पुलिस के जवान मौके पर मौजूद रहे। केडीए ने 6 बीघा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाया है। केडीए तहसीलदार सुरेंद्र शर्मा ने बताया नांता इलाके में पार्श्वनाथ व बुरहानी पार्क के पास स्थित सरकारी जमीन पर लोगों ने कब्जा करके प्लॉट काट रखे थे पक्की बाउंड्री वॉल बना रखी थी। केडीए की टीम ने दोपहर ढाई बजे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जो देर शाम तक चली। 4 जेसीबी की मदद से 6 बीघा में हो रहे अतिक्रमण को तोड़ा है। इस जमीन पर केडीए की ओर से आवासीय योजना लॉन्च की जाएगी।

विधिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा रीतु कवंर पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा जसवीर कौर पत्नी प्रितपाल सिंह के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान जिसकी पैमायश 2085.23 वर्गफुट वाके जैन मन्दिर भीमगंजमण्डी कोटा जं. कोटा राजस्थान को क्रय किया गया है यह कि उक्त सम्पत्ति का क्रय जसवीर कौर व उनके पति प्रितपाल सिंह द्वारा पदम कुमार पुत्र स्व.नेमीचन्द से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 25.09.1999 से किया था। तत्पश्चात प्रितपाल सिंह द्वारा अपने 1/2 हिस्से का रजिस्टर्ड दान पत्र जसवीर कौर के पक्ष में दिनांक 17.10.2024 को कर दिया है, यह कि उक्त सम्पत्ति पर किसी भी न्यायालय में किसी भी प्रकार को कोई वाद लम्बित नही है।

यह कि उक्त सम्पत्ति को मेरी पक्षकारा द्वारा क्रय करके उस पर सम्मान केपिटल लिमिटेड शाखा कोटा में रहन रखकर ऋण लिया जा रहा है यह कि उक्त सम्पत्ति को रहन रखकर ऋण देने के सम्बंध या यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी भी न्यायालय में किसी भी प्रकार का कोई वाद लम्बित हो या किसी प्रकार का वाद-विवाद हो या किसी आम व्यक्ति, बैंक या संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय
अजय शर्मा, एडवोकेट
पता-मकान नं.1031,1032 सुभाष नगर द्वितीय, जिला कोटा (राज.)
मो.7073030526, 8239229798

किताबें विद्यार्थियों की सर्वश्रेष्ठ मित्र : संदीप शर्मा

कोटा, (निसं)। विधायक संदीप शर्मा ने कहा है कि किताबें विद्यार्थियों की सर्वश्रेष्ठ मित्र हैं जो उनके जीवन में निष्ठा, समर्पण, परिश्रम, दया, सहानुभूति जैसे गुणों का सूत्रपात करती हैं। अधिकांश व्यक्ति को स्वयं जीवन जीकर अनुभव प्राप्त करते हैं लेकिन पुस्तकें एकमात्र ऐसा माध्यम है जो एक व्यक्ति को कई व्यक्तियों के जीवन के अनुभव सीखा देती हैं।

इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को और विशेष रूप से विद्यार्थियों को अध्ययन करने की आदत डालनी चाहिए जिससे न केवल उनके ज्ञान में अभिवृद्धि होगी बल्कि एकाग्रता और स्मृति में भी सुधार होगा। विधायक संदीप शर्मा सोमवार को कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पीमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्रीनाथपुरम्-बी में अपने विधायक कोष से स्वीकृत देशभक्ति और ज्ञानवर्द्धक पुस्तकों का वितरण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों के शिक्षकगणों के आग्रह पर उन्होंने अपने कोष से पहली बार पुस्तकों के लिए राशि अनुशंसित की

■ 'प्रत्येक व्यक्ति को और विशेष रूप से विद्यार्थियों को अध्ययन करने की आदत डालनी चाहिए' जिससे ज्ञान में वृद्धि होती है

है, यह पुस्तकें क्षेत्र के विभिन्न राजकीय विद्यालयों को वितरित की गई हैं जो पुस्तकालयों के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए उपलब्ध करवाई जायेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समग्र शिक्षा अभियान के अति जिला परियोजना समन्वयक रूपेश कुमार ने विधायक संदीप शर्मा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षकों के आग्रह पर तत्काल अपने कोष से राशि जारी दी, निश्चित रूप से यह पुस्तकें बालकों में अध्ययन के प्रति रूचि विकसित करेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यनारायण ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कौशल को रजत पदक मिला

कोटा, (निसं)। नेटबॉल स्पोर्ट्स सोसाईटी राजस्थान के अध्यक्ष भगवान सहाय कौशिक ने बताया की 38-जी राष्ट्रीय खेल जो की उत्तराखंड में हो रहे है उसमे राजस्थान नेटबॉल महिला खिलाड़ी ने रजत पदक प्राप्त किया। राजस्थान महिला खिलाड़ियों ने तेलंगाना को 62-52 गोल, चंडीगढ़ को 53-48 गोल,कर्नाटक को 54-49 वहीं सेमीफाईनल में उत्तराखंड टीम को 69-56 से हराकर फाईनल में हरियाणा से 55-57 से हार का सामना कर रजत पदक प्राप्त किया। पूरी महिला खिलाड़ियों ने इस जीत का श्रेय अपने अंतर्राष्ट्रीय अंपायर व कोच विवेक कुमार सैन को दिया। वही उत्तराखंड में राजस्थान स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने आकर खिलाड़ियों को बधाई दी और खेल की सराहना की 38जी राष्ट्रीय खेल में राजस्थान नेटबॉल टीम के इंचार्ज भवानी सिंह भाटी ने भी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। विजेता नेटबॉल महिला खिलाड़ी में कप्तान निधि शर्मा (बीकानेर), उपकप्तान पूजा चोपड़ा (दौसा), सुधा कुमारी जाट (भीलवाड़ा), करिश्मा बोहरा (भीलवाड़ा), आदी मौदुज हैं।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की तैयारियों की समीक्षा

कोटा, (निसं)। संभाग में विभिन्न कृषि जिन्सों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को संभागीय आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गऐं। संभागीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया के दौरान उपखंड अधिकारियों और तहसीलदारों के सहयोग से कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।

किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मंडियों और खरीद केंद्रों पर छाया, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने राजफेड, भारतीय खाद्य निगम और तिलम संघ के अधिकारियों को संभावित

■ संभागीय आयुक्त ने दिए निर्देश

समस्याओं से उच्चाधिकारियों को समय रहते अवगत कराने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने को कहा।

आयुक्त ने खरीद एजेंसियों को निर्देशित किया कि बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाऐं और सभी एजेंसियां आपसी समन्वय से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करें। बैठक में जिला रसद अधिकारी कोटा ग्रामीण कुशाल बिलाला, जिला रसद अधिकारी बारां अनिल कुमार चौधरी, जिला रसद अधिकारी झालावाड़ देशराज रवि, जिला रसद अधिकारी बूंदी शिवजीराम जाट, क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम प्रणय मुद्गल, क्षेत्रीय अधिकारी राजफेड पी.डी. शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक तिलम संघ द्वारका लाल शर्मा और उप पंजीयक सहकारिता विभाग राजेश मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/832 दिनांक:-05.02.2025

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या 445-ए श्रीनाथपुरम-ए आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 1734 दिनांक 20.05.1993 को श्री नरेन्द्र विजयवर्गीय पुत्र श्री घनश्याम विजयवर्गीय के नाम आवंटन किया गया था। श्री नरेन्द्र विजयवर्गीय पुत्र श्री घनश्याम विजयवर्गीय द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री मुकेश कुमार जैन पुत्र श्री एस.एम. जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19.09.2003 को श्रीमती कामना त्रिपाठी पत्नी श्री हरि स्वरुप त्रिपाठी को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्रीमती कामना त्रिपाठी पत्नी श्री हरि स्वरुप त्रिपाठी द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 445 श्रीनाथपुरम-ए आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती कामना त्रिपाठी पत्नी श्री हरि स्वरुप त्रिपाठी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3258 विज्ञप्ति दिनांक:-7.2.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना जयहिन्द नगर-II भूखंड संख्या 24 खसरा नं. 599 आवेदक/आवेदिका श्री विजय सिंह मीणा पुत्र स्व. मोहन लाल मीणा निवासी 24 जयहिन्द नगर सेकिण्ड पुलिस लाईन बारां रोड कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 221 दिनांक 03.05.2013 को श्री मोहन लाल मीणा पुत्र श्री रामनारायण मीणा के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 13.12.2022 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नी ज्याना देवी, पुत्र विजय सिंह मीणा, पुत्री रीना मीना, जया कुमारी मीणा है। वारिसान ज्याना देवी, रीना मीना, जया कुमारी मीना द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 31.05.2023 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री विजय सिंह मीणा पुत्र स्व. मोहन लाल मीणा के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथव लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4892 जाहिर आम सूचना दिनांक - 6.2.25

आवास संख्या 4/252 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री रामभरोसे पटेल पुत्र स्व. श्री शिवराज पटेल को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री रामभरोसे पटेल पुत्र स्व. श्री शिवराज पटेल के नाम दिनांक 16.07.2012 को किया गया। पंजीयन उपरांत श्री रामभरोसे पटेल पुत्र स्व. श्री शिवराज पटेल द्वारा इस आवास का दान जरिये दान पत्र आलेखित कर दिनांक 27.11.2018 को श्री विनोद कुमार पटेल पुत्र श्री रामभरोसे पटेल को किया गया। श्री विनोद कुमार पटेल पुत्र श्री रामभरोसे पटेल का नाम दिनांक 14.05.2024 दान पत्र के आधार पर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री विनोद कुमार पटेल पुत्र श्री रामभरोसे पटेल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 12.07.2024 को श्री यतेन्द्र शर्मा पुत्र श्री सत्य नारायण शर्मा एवं श्रीमती सोनिका शर्मा पत्नी श्री यतेन्द्र शर्मा को संयुक्त रुप से किया गया। श्री यतेन्द्र शर्मा पुत्र श्री सत्य नारायण शर्मा एवं श्रीमती सोनिका शर्मा पत्नी श्री यतेन्द्र शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4/252 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में संयुक्त रुप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री यतेन्द्र शर्मा पुत्र श्री सत्य नारायण शर्मा एवं श्रीमती सोनिका शर्मा पत्नी श्री यतेन्द्र शर्मा का नाम संयुक्त रुप से दर्ज करने मेंकिसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री यतेन्द्र शर्मा पुत्र श्री सत्य नारायण शर्मा एवं श्रीमती सोनिका शर्मा पत्नी श्री यतेन्द्र शर्मा का नाम संयुक्त रुप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री यतेन्द्र शर्मा पुत्र श्री सत्य नारायण शर्मा एवं श्रीमती सोनिका शर्मा पत्नी श्री यतेन्द्र शर्मा के नाम संयुक्त रुप से दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4854 जाहिर आम सूचना दिनांक - 3.2.25

आवास संख्या 1/2 गणेश तालाब कोटा का आवंटन मंडल द्वारा डॉ. मनमोहन सिंह ठाकुर पुत्र श्री श्याम सुन्दर सिंह को किया गया था। इस आवास का पंजीयन डॉ. मनमोहन सिंह ठाकुर पुत्र श्री श्याम सुन्दर सिंह के नाम दिनांक 09.05.1994 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत डॉ. मनमोहन सिंह ठाकुर पुत्र श्री श्याम सुन्दर सिंह द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये बयनामा आलेखित कर दिनांक 26.08.1994 को श्रीमती कमल किशोर निमोदिया पुत्र स्व. श्री कल्याण प्रसाद को किया गया। श्रीमती कमल किशोर निमोदिया पुत्र स्व. श्री कल्याण प्रसाद का नाम दिनांक 08.02.1995 को उक्त आवास के मंडल अभिलेख में बयनामा के आधार पर दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्रीमती कमल किशोर निमोदिया पुत्र स्व. श्री कल्याण प्रसाद द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 05.08.2004 को डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री पी.सी. गुप्ता को किया गया। डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री पी.सी. गुप्ता का नाम दिनांक 28.02.2024 को उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किया गया। तत्पश्चात डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री पी.सी. गुप्ता द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 22.04.2024 को श्री सन्नी जैन पुत्र श्री नरेन्द्र जैन को किया गया। श्री सन्नी जैन पुत्र श्री नरेन्द्र जैन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1/2 गणेश तालाब कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में श्री सन्नी जैन पुत्र श्री नरेन्द्र जैन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में श्री सन्नी जैन पुत्र श्री नरेन्द्र जैन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में श्री सन्नी जैन पुत्र श्री नरेन्द्र जैन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4888 जाहिर आम सूचना दिनांक - 6.2.25

आवास संख्या 2/5 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री अब्दुल अजीज पुत्र श्री हाजी मोहम्म इब्राहीम को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती शारदा वाधवानी पत्नी श्री अशोक कुमार वाधवानी के नाम दिनांक 29.06.2013 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती शारदा वाधवानी पत्नी श्री अशोक कुमार वाधवानी द्वारा दिनांक 26.07.2013 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्रीमती शारदा वाधवानी पत्नी श्री अशोक कुमार वाधवानी द्वारा उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 13.04.2016 को मुख्तारआम आलेखित कर श्री मधुसुदन गौतम पुत्र श्री गोविन्द वल्लभ शर्मा को अपना मुख्तारआम नियुक्त किया गया। श्री मधुसुदन गौतम पुत्र श्री गोविन्द वल्लभ शर्मा मुख्तार आम श्रीमती शारदा वाधवानी पत्नी श्री अशोक कुमार वाधवानी द्वारा मुख्तार आम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 14.09.2018 को श्रीमती चन्द्रकला शृंगी पत्नी श्री रमेश चन्द्र शृंगी को किया गया। श्रीमती चन्द्रकला शृंगी पत्नी श्री रमेश चन्द्र शृंगी का नाम दिनांक 02.05.2019 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्रीमती चन्द्रकला शृंगी पत्नी श्री रमेश चन्द्र शृंगी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 23.10.2024 को श्रीमती अंजना गौत्तम पत्नी श्री अंकित चतुर्वेदी को किया गया। श्रीमती अंजना गौत्तम पत्नी श्री अंकित चतुर्वेदी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2/5 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती अंजना गौत्तम पत्नी श्री अंकित चतुर्वेदी का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती अंजना गौत्तम पत्नी श्री अंकित चतुर्वेदी का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती अंजना गौत्तम पत्नी श्री अंकित चतुर्वेदी के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घघाटन

कोटा, (निसं)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज दुबे ने सोमवार को लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र के कैथून मे खेल मैदान पर आयोजित महाकाल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घघाटन किया। महाकाल क्रिकेट प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मनोज दुबे ने फलक स्पोर्ट एवं एसएस क्लब के बीच में आयोजित मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर आयोजन समिति ने कांग्रेस नेता मनोज दुबे का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि शिवचरण शर्मा भी मौजूद थे। महाकाल क्रिकेट प्रतियोगिता मे देशभर से कई ऊर्जावान क्रिकेट खिलाड़ी भाग लेने कोटा आए है। आज के मैच मे फलक स्पोर्ट क्लब ने शानदार जीत अर्जित की। इस अवसर पर कांग्र